# आज दिल्ली में सीएम करेंगे वन-टू-वन

## सेमिकॉन इंडिया-2026 में शामिल होंगे सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 18 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित सेमिकॉन इंडिया-2026 में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव यशोभूमि, नई दिल्ली में स्थापित मध्यप्रदेश राज्य पवेलियन का भ्रमण कर स्वीडिश एवं जापानी प्रतिनिधिमंडलों के साथ वन-टू-वन संवाद करेंगे.**



इसमें सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश के अवसरों, प्रौद्योगिकी सहयोग और संभावित साझेदारियों पर चर्चा होगी. संवाद में ऑक्साइड कॉर्पोरेशन, स्केल फोटोनिक्स, इम्प्यूट इंक., एक्रिटेक, कैनन, मैकडर्मिड अल्फा, हनव्हा, कैजो और जेनेसेम इंक. सहित कंपनियों एवं संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. मप्र सेमिकॉन इंडिया-2026 में स्टेट पार्टनर के रूप में सहभागिता कर रहा है. मप्र राज्य पवेलियन, बूथ एच 3005 में प्रदेश के उभरते सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम, निवेश के अवसरों, औद्योगिक क्षमताओं, प्रतिभा आधार तथा अनुकूल नीतिगत वातावरण को प्रदर्शित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव पवेलियन में प्रदेश के उद्योग एवं अकादमिक क्षेत्र के हितधारकों से भी संवाद करेंगे. औद्योगिक क्षेत्र से पारस सेमीकंडक्टर, एचएलबीएस, कास्टएनएक्स और सिक्योर मीटर्स की सहभागिता है. वहीं अकादमिक एवं अनुसंधान इकोसिस्टम का प्रतिनिधित्व आईआईटी इंदौर, आईआईआईटी ग्वालियर, आईटी डीएवीवी और एसजी एसआईटीएस इंदौर द्वारा किया जा रहा है. यहां बता दें कि सेमिकॉन इंडिया-2026 का आयोजन 17 से 19 सितंबर 2026 तक यशोभूमि, नई दिल्ली में हो रहा है.

### सीएम ने स्व. श्रीनिवास तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर मप्र विधानसभा के सेन्ट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की. बाद में मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्रीनिवास तिवारी का स्मरण करते हुए कहा कि स्व. तिवारी ने विद्यार्थी जीवन में स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया.

# मध्यप्रदेश में फ्री रजिस्ट्री का काम प्रभावित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 सितंबर. प्रदेश में गुरुवार से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना के तहत निजी संपत्ति की फ्री रजिस्ट्री करने की बड़ी योजना लांच कर दी गई. शुरुआत इंदौर से हो गई, लेकिन पहले ही दिन पटवारियों की हड़ताल के चलते प्रदेश में फ्री रजिस्ट्री का काम प्रभावित रहा. भिंड जिले में तो योजना के तहत एक भी रजिस्ट्री नहीं की जा सकी.**

अधिकांश जिलों में पंचायतों के कार्यालय में ताले लटके रहे, ये इसलिए कि रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी पटवारी काम पर पहुंचें ही नहीं, पटवारी उन्हें रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी बनाये जाने पर आपत्ति जाहिर कर रहे हैं. उन्हें डर है कि कानूनी विवाद में फंसने पर उन्हें ही कोर्ट के सामने खड़ा होना पड़ेगा. वे रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के रूप में अपना नाम और पद लिखने के बजाय मप्र सरकार लिखने की मांग कर रहे हैं.

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के तहत प्रदेश में 48.32 लाख निजी संपत्ति की रजिस्ट्री की जानी है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी. इस योजना पर लगभग 4 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, वहीं एक माह में फ्री रजिस्ट्री करने का टारगेट रखा गया है, लेकिन अब पटवारियों की हड़ताल के चलते ये काम पहले दिन ही सुस्त रहा. यहां बता दें कि प्रदेश में अब तक 68.11 लाख अधिकार अभिलेख हुए हैं, इसमें निजी और सरकारी दोनों शामिल हैं. केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में स्वामित्व योजना लागू की थी. तब मप्र सरकार ने ड्रोन सर्वे के बाद स्वामित्व अधिकार के तहत पट्टे दिए थे.

# लोकभवन में 77 लोगों ने किया रक्तदान

## राज्यपाल ने किया स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 सितंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत लोकभवन में आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया. शिविर के विभिन्न काउन्टरों पर जाकर परामर्श जांच एवं परीक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की. इस दौरान 77 लोगों ने रक्तदान किया.**




राज्यपाल पटेल ने अपनी बोन मिनरल डेनसिटी यानी बीएमडी जांच कराकर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. दंत परीक्षण, फिजियोथेरेपी जांच, बोन मिनरल डेनसिटी जांच एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं औषधि वितरण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. उन्होंने रक्तदाताओं को फलो की टोकरी भेंट कर, उनके सेवा संकल्प की सराहना की. रक्तदान करने आए छात्र-छात्राओं से चर्चा की. उनका उत्साहवर्धन किया. राज्यपाल ने प्रारंभ में लोक भवन में आयोजित नि:शुल्क परामर्श, जांच और रक्तदान शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया.

रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुवार को सुबह 10 बजे से एक बजे तक लोक भवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था. इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे. शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन श्याम सिंह कुमरे एवं जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह सहित चिकित्सक, विशेषज्ञ एवं अन्य संबंधित जन उपस्थित रहे. लोक भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 370 आमजन शामिल हुए. रक्तदान के लिए 109 रक्तदाताओं ने पंजीयन कराया, जिनमें चिकित्सकीय परामर्श के बाद 77 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया.

---

# कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार
# मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

**क्र./1390/भू-अर्जन/2026** — **भोपाल, दिनांक : 16.09.2026**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 25/अ-82/2025-26**

## घोषणा

## भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा -19

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।
चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य **(लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु ग्राम थुआखेड़ा तहसील कोलार जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।
अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे. में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | कोलार | थुआखेड़ा | 45.7894 हे. | 12.1459 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सड़क विकास निगम,भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**

**ग्राम का नाम - थुआखेड़ा, तहसील - कोलार, जिला - भोपाल**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे.में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे.में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | मुरारी रघुवंशी पिता श्री अजब सिंह रघुवंशी (623/2262), अनुराग श्रीवास्त पुत्र के.एम. श्रीवास्तव (153/2262), मेसर्स रचना बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा प्रोपराईटर कैलाश शर्मा पिता श्री फतेह चंद शर्मा (1486/2262) | 262/2/1/1/1/1 | 0.2262 | 0.0282 | निजी | सिंचित |
| 2 | श्रीमती आरती चौबे पत्नी अरविन्द्र चौबे | 262/2/1/1/1/2 | 0.0464 | | निजी | सिंचित |
| 3 | श्री नितिन चितोडा पुत्र श्री मुकेश चितोडा एवं श्रीमती सुरभि चितोडा पत्नी श्री नितिन चितोडा (139/363), श्री संदीप कुमार बडगुजर पुत्र श्री कृष्ण कुमार बडगुजर एवं श्रीमती चंचल बडगुजर पत्नी संदीप कुमार बडगुजर (224/363) | 262/2/1/1/2 | 0.0363 | | निजी | आवासीय |
| 4 | श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री गंगा सिंह | 262/2/1/2 | 0.0557 | | निजी | सिंचित |
| 5 | श्रीमती विजेता विंचुरकर पत्नी रुपेश विंचुरकर | 262/2/1/3 | 0.0464 | | निजी | व्यावसायिक |
| 6 | श्रीमती ज्योति शर्मा पत्नी प्रभाकर शर्मा | 262/2/1/4 | 0.0278 | | निजी | सिंचित |
| 7 | योगेश,अनूप नामदेव पुत्रगण राजेंद्र कुमार नामदेव | 262/2/2 | 0.0300 | | निजी | व्यावसायिक |
| 8 | आशीष कुशवाह पुत्र सुरेश सिंह कुशवाह | 262/2/3 | 0.1020 | | निजी | सिंचित |
| 9 | श्रीमती शोभा गुप्ता पत्नी व्ही के गुप्ता | 262/2/4 | 0.0464 | | निजी | व्यावसायिक |
| 10 | संजना बसंतानी पत्नी गगन बसंतानी (749/1022), अनुराग श्रीवास्तव पुत्र के.एम. श्रीवास्तव (273/1022) | 262/2/5/1 | 0.0749 | | निजी | व्यावसायिक |
| 11 | संजना बसंतानी पत्नी गगन बसंतानी (749/1022), अनुराग श्रीवास्तव पुत्र के एम श्रीवास्तव (273/1022) | 262/2/5/2 | 0.0273 | | निजी | सिंचित |
| 12 | आदित्य सिंह कुशवाह पुत्र मुनेंद्र सिंह कुशवाह | 262/2/6 | 0.1020 | | निजी | सिंचित |
| 13 | मुरारी रघुवंशी पिता अजब सिंह रघुवंशी (74/1174), संजय सिंह परमार पिता महिपाल सिंह परमार एवं सुनील कुमार गर्ग आ हरिओम गर्ग (542/1174), संजना बसंतानी पत्नी गगन बसंतानी (272/1174), अनुराग श्रीवास्तव पुत्र के एम श्रीवास्तव (286/1174) | 263/1/1/1 | 0.0272 | 0.0272 | निजी | व्यावसायिक |
| 14 | मुरारी रघुवंशी पिता अजब सिंह रघुवंशी (74/1174), संजय सिंह परमार पिता महिपाल सिंह परमार एवं सुनील कुमार गर्ग आ हरिओम गर्ग (542/1174), संजना बसंतानी पत्नी गगन बसंतानी (272/1174), अनुराग श्रीवास्तव पुत्र के एम श्रीवास्तव (286/1174) | 263/1/1/2 | 0.0902 | 0.0777 | निजी | सिंचित |
| 15 | महेश कुमार शर्मा पिता श्री कृष्ण शर्मा | 263/1/2 | 0.1004 | 0.1004 | निजी | व्यावसायिक |
| 16 | अंकुर श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार श्रीवास्तव | 263/2/1 | 0.0558 | 0.0558 | निजी | सिंचित |
| 17 | अंकुर श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार श्रीवास्तव | 263/2/2 | 0.0464 | 0.0464 | निजी | व्यावसायिक |
| 18 | कल्लू सागर श्रीकृष्ण साहिल ना बा काजल, सरिता, संगीता पिता राधेश्याम संरक्षक माँ सीताबाई पत्नी राधेश्याम, गुड्डीबाई पुत्री रामरतन, घिसियाबाई बेवा रामरतन, नन्दलाल पिता गणपत, घूड़ेलाल पिता शिवचरण, पानमल राजमल पुत्रगण छीतर रतन पुत्री छीतर बसंतीबाई बेवा छीतर बाबूलाल, कोसाबाई पिता धन्नालाल, पदम, गोलू, दीनू, मोटू, कविता, अंगूरीबाई रानी, विनीता ना बा आ हीरालाल, वली व खुद माँ छोटी भाई बेवा हीरालाल | 267/1/1 | 0.0820 | 0.0161 | निजी | सिंचित |
| 19 | शरवन सिंह पिता श्री अमरीक सिंह 1/2 नारायण सिंह पिता श्री अमरीक सिंह 1/2 | 267/1/2/2 | 0.1700 | 0.0121 | निजी | सिंचित |
| 20 | शरवन सिंह पिता श्री अमरीक सिंह 1/2 नारायण सिंह पिता श्री अमरीक सिंह 1/2 | 266 | 0.4200 | 0.2886 | निजी | सिंचित |
| 21 | सुरेन्द्र पिता एस एन अग्रवाल | 239/2 | 0.4000 | 0.0805 | निजी | सिंचित |
| 22 | पंकज मीना पुत्र रामफूल मीना | 238/1/3 | 1.4200 | 0.1876 | निजी | सिंचित |
| 23 | रामफुल पिता धनलाल | 238/1/1 | 0.1200 | 0.0725 | निजी | सिंचित |
| 24 | गौराबाई यादव पत्नी श्री हरीराम यादव | 211/1 | 0.0200 | 0.9625 | निजी | सिंचित |
| 25 | रूपेश कुमार पुत्र धनलाल | 211/2/1/1 | 0.1800 | | निजी | सिंचित |
| 26 | पलक मारण पुत्री स्व राकेश मारण एवं सागर मारण पुत्र राकेश मारण | 211/2/1/2 | 0.2200 | | निजी | सिंचित |
| 27 | अनोखीलाल पिता श्रीकिशन | 211/2/2/1 | 0.5250 | | निजी | सिंचित |
| 28 | प्रेम सिंह पिता श्रीकिशन | 211/2/2/2 | 0.5250 | | निजी | सिंचित |
| 29 | जसमल सिंह पुत्र राम सिंह 1/5, अजमल सिंह पिता रामसिंह 1/5, चन्दन सिंह पिता रामसिंह 1/5, सुमन पुत्री रामसिंह 1/5, ज्वालसिंह पुत्र रामसिंह 1/5 | 211/2/3 | 0.0500 | | निजी | सिंचित |
| 30 | टोननॉच इन्फ्राप्रोजेक्ट्स एल एल पी पता 24 गौतम नगर गोविन्दपुरा भोपाल द्वारा पार्टनर एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता संचालक मोहित राजोरिया पिता आशीष राजोरिया | 210 | 1.0000 | 0.3481 | निजी | सिंचित |
| 31 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 147 | 3.5000 | 0.7624 | निजी | सिंचित |
| 32 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस.डब्लू. मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता आ स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 115/1/2 | 0.6060 | 0.1792 | निजी | सिंचित |
| 33 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस.डब्लू. मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता आ स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 115/2 | 0.7570 | 0.6345 | निजी | सिंचित |
| 34 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स अजय मोहगांवकर आ श्री एस.डब्लू. मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता आ स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 115/3 | 0.2070 | 0.0363 | निजी | सिंचित |
| 35 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स अजय मोहगांवकर आ श्री एस.डब्लू. मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता आ स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 116 | 0.5500 | 0.0070 | निजी | सिंचित |
| 36 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 140 | 2.8000 | 0.3915 | निजी | सिंचित |
| 37 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 159 | 0.0200 | 0.0150 | निजी | असिंचित |
| 38 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 160 | 1.7000 | 0.1661 | निजी | असिंचित |
| 39 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 146 | 0.4200 | 0.1016 | निजी | असिंचित |
| 40 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 145 | 0.4000 | 0.1230 | निजी | सिंचित |
| 41 | रेहाना खालिद पत्नी स्व मो खालिद 1/10, फरहीन पुत्री स्व मो खालिद 1/10, मो शारिक पुत्र मो खालिद 1/10, जेबा पुत्री मो खालिद 1/10, मो शाकिब पुत्र मो खालिद 1/10, मो शहनवाज आलम पुत्र वकार आलम 1/10 | 144 | 0.2500 | 0.1696 | निजी | सिंचित |
| 42 | सियाबाई पत्नी लखनलाल व मुदित उईके नाबा. निधि उईके बा. मीत उईके नाबा. पिता लखनलाल उईके वली माँ सियाबाई उईके | 271/1/1/1 | 3.0770 | 1.3261 | निजी | सिंचित |
| 43 | पलक मारण पुत्री स्व राकेश मारण एवं सागर मारण पुत्र राकेश मारण | 209/2 | 0.8100 | 0.2830 | निजी | सिंचित |
| 44 | राधेश्याम मीना पिता लीला किशन मीना | 209/1 | 0.1100 | | निजी | असिंचित |
| 45 | महेन्द्र सिंह चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2, अंकित चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2 | 208/2 | 0.8200 | 0.1870 | निजी | असिंचित |
| 46 | रूपेश कुमार पुत्र धनलाल | 207/2 | 0.8600 | 0.2853 | निजी | सिंचित |
| 47 | महेन्द्र सिंह चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2, अंकित चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2 | 207/1 | 0.6900 | | निजी | असिंचित |
| 48 | अंकित सिंह चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2, महेन्द्र सिंह चन्देल पिता कमल सिंह चन्देल 1/2 | 206/2 | 1.3800 | 0.3550 | निजी | सिंचित |
| 49 | अनीता ठाकुर पत्नी अतुल ठाकुर | 206/1 | 0.2700 | | निजी | सिंचित |
| 50 | अनीता ठाकुर पत्नी अतुल ठाकुर | 205/2 | 0.7600 | 0.2065 | निजी | सिंचित |
| 51 | श्रीमती अनीता ठाकुर पत्नी अतुल ठाकुर | 205/1 | 1.0400 | 0.1420 | निजी | सिंचित |
| 52 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 113/2 | 0.5340 | 0.0010 | निजी | सिंचित |
| 53 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 114/2 | 1.2300 | 0.6015 | निजी | सिंचित |
| 54 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 106/2 | 1.7200 | 0.0342 | निजी | सिंचित |
| 55 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा भागीदार अजय मोहगांवकर आ श्री एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 106/1 | 0.5100 | 0.1636 | निजी | सिंचित |
| 56 | सुरेश मीना पिता स्व श्री कुंजीलाल मीना | 107/2 | 0.9600 | 0.1325 | निजी | सिंचित |
| 57 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा अजय मोहगांवकर आ श्री एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता आ स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 107/3 | 0.2000 | 0.2000 | निजी | सिंचित |
| 58 | धनश्याम पुत्र परसराम | 104 | 0.6100 | 0.0378 | निजी | सिंचित |
| 59 | भारत पिता जी पी पनमानी | 280/104 | 0.4000 | 0.2250 | निजी | सिंचित |
| 60 | श्रीमति केशरजाहं पत्नी तारिक हुसेन खान | 101 | 1.2100 | 0.1221 | निजी | सिंचित |
| 61 | साहेब हुसेन खां पुत्र तारिक हुसेन खान | 100 | 0.8100 | 0.5444 | निजी | सिंचित |
| 62 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा अजय मोहगांवकर पुत्र एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 108/4 | 0.6600 | 0.4900 | निजी | सिंचित |
| 63 | मेसर्स ग्रीनशायर डेवेलपर्स द्वारा अजय मोहगांवकर पुत्र एस. डब्लू मोहगांवकर एवं समीर गुप्ता पुत्र स्व. श्री. एस सी गुप्ता | 109/4 | 0.2500 | 0.1631 | निजी | सिंचित |
| 64 | मजिद प्रेमी पिता वाहिद प्रेमी | 86 | 0.8100 | 0.0140 | निजी | सिंचित |
| 65 | साजिद प्रेमी पिता वाहिद प्रेमी | 87 | 0.4000 | 0.1241 | निजी | सिंचित |
| 66 | तोहिद जहां पुत्री वाहिद 1/2, तमहीद जहां पुत्री वाहिद 1/2 | 88 | 0.4100 | 0.3430 | निजी | सिंचित |
| 67 | रेखा उर्फ भूरी पिता हजारीलाल 1/7, संगीता पिता हजारीलाल 1/7, प्रागबाई बेवा हजारीलाल 1/7, घनश्याम पिता हजारीलाल 1/7, गोवर्धन पिता हजारीलाल 1/7, राजकपूर पिता हजारीलाल 1/7, रघुनन्दन पिता हजारीलाल 1/7 | 91 | 1.2900 | 0.4171 | निजी | सिंचित |
| 68 | सलामुद्दीन पुत्र समीर उद्दीन | 93/1 | 0.8000 | 0.2675 | निजी | सिंचित |
| 69 | स्नेहलता पत्नी अनिल | 93/2 | 0.6300 | 0.1776 | निजी | सिंचित |
| 70 | रेखा उर्फ भूरी पिता हजारीलाल 1/7, संगीता पिता हजारीलाल 1/7, प्रागबाई बेवा हजारीलाल 1/7, घनश्याम पिता हजारीलाल 1/7, गोवर्धन पिता हजारीलाल 1/7, राजकपूर पिता हजारीलाल 1/7, रघुनन्दन पिता हजारीलाल 1/7 | 92/1 | 1.5400 | 0.1555 | निजी | सिंचित |
| 71 | श्रीमती हाजरा बी पत्नी युसुफ | 92/2 | 2.0000 | 0.0011 | निजी | सिंचित |
| 72 | राकेश पुत्र राजाराम1/2, प्रशांत सिंह पुत्र सीताराम 1/2 | 95 | 1.0100 | 0.2550 | निजी | सिंचित |
| 73 | सैय्यदताज जफर हुसैन पिता सैय्यद अनवर हुसैन | 96/1 | 0.5050 | 0.0010 | निजी | सिंचित |
| | **कुल योग** | | **45.7894** | **12.1459** | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।
भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील कोलार जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।
प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की समयावधि में हितबद्ध पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील कोलार जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**
**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन**

म.प्र. माध्यम/128110/2026